दिन– गुरूवार दिनांक– 18 / 09 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.57 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा को घुसपैठिया बचाओ यात्रा करार दिया।

02. जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह के साथ पटना में बैठक की। चुनावी रणनतियों पर किया गहन विचार–विमर्श।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बीस से पच्चीस वर्ष के सभी बेरोजगार स्नातक युवाओं को दो वर्षों तक एक–एक हजार रुपये मासिक भत्ता दिये जाने की घोषणा की।

04. और, निगरानी विभाग की टीम ने कैमूर जिले के मोहनिया पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर अजय कुमार को साठ हजार रुपये घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दावा किया है कि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए को प्रचंड बहुमत मिलेगा। श्री शाह ने दो दिवसीय बिहार दौरे के पहले पड़ाव रोहतास के डिहरी में आज भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करते हुए कहा कि एनडीए पूरी तरह से एकजुट है। उन्होंने कहा कि विकसित बिहार की कल्पना को केवल और केवल एनडीए सरकार ही साकार कर सकती है।

–––बाइट–––

अपने संबोधन में श्री शाह ने हाल हि में संपन्न राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि यह यात्रा घुसपैठिया बचाओ यात्रा थी।

–––बाइट–––

केंद्रीय गृह मंत्री ने बेगूसराय में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि एसआईआर को लेकर विपक्षी दलों ने लोगों के बीच भ्रम उत्पन्न करने का प्रयास किया। श्री शाह ने विपक्षी दलों को चुनौती देते हुए सवाल किया कि क्या किसी नागरिक का एसआईआर की प्रक्रिया में नाम कटा है।

–––बाइट–––

---

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बिहार आगमन के साथ ही राज्य में राजनीतिक गतिविधियां काफी बढ़ गयी हैं। श्री शाह ने कल पटना पहुंचने के बाद देर रात बिहार भाजपा के पदाधिकारियों, वरिष्ठ नेताओं और विभिन्न जिलों के प्रभारियों के साथ आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर गहन विचार–विमर्श किया। इस दौरान श्री शाह ने पार्टी नेताओं को प्रचंड बहुमत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए टास्क भी दिये हैं। इस बीच, आज सुबह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी पटना में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों और एनडीए घटक दलों के बीच सीट शेयरिंग को लेकर चर्चा की गयी। इस दौरान उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी भी मौजूद थे।

---

इधर, बिहार कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक आज पटना स्थित पार्टी मुख्यालय, सदाकत आश्रम में आयोजित की गयी। जिसमें आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीति और उम्मीदवारों के चयन को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की गयी। बैठक में पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव भी शामिल हुए। इधर, प्रदेश कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमिटी की बैठक कल नई दिल्ली में होगी। वहीं, चौबीस सितम्बर को पटना में पार्टी की कार्य समिति की बैठक बुलाई गई है। पहली बार पटना में हो रही कांग्रेस वर्किंग कमिटी की बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, वरिष्ठ नेत्री और पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी समेत कई शीर्ष नेता शामिल होंगे।

---

राजद के वरिष्ठ नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने एनडीए सरकार पर सांप्रदायिक राजनीति का आरोप लगाया है। श्री यादव ने बिहार अधिकार यात्रा के तहत खगड़िया में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा और जदयू धार्मिक आधार पर समाज को बांटकर अपने हितों को साधना चाहती है। वहीं, बेगूसराय में जनसभा को संबोधित करते हुए श्री यादव ने कहा कि मौजूदा सरकार के कार्यकाल में गरीबों की जमीन हड़प कर अमीरों को दी जा रही है। इधर, कांग्रेस पार्टी ने भागलपुर के पीरपैंती में थर्मल बिजली परियोजना के लिए जमीन अधिग्रहण में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए आज पटना में विरोध मार्च निकाला।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि तेजस्वी प्रसाद यादव की बिहार अधिकार यात्रा वास्तव में अपना वजूद बचाने की कोशिश है। श्री सिंह ने बेगूसराय में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि महागठबंधन को ऐसी यात्राओं से कोई फायदा नहीं होगा।

———बाइट———

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य के बीस से पच्चीस वर्ष के सभी बेरोजगार स्नातक युवाओं को दो वर्षों तक एक–एक हजार रुपये मासिक भत्ता दिये जाने की घोषणा की है। श्री कुमार ने सोशल मीडिया पोस्ट में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना का लाभ अब कला, विज्ञान और वाणिज्य संकायों के बेरोजगार पुरुष और महिला स्नातकों को भी मिलेगा। इससे पहले, यह योजना इंटरमीडिएट के युवाओं के लिए ही थी। मुख्यमंत्री ने अपने पोस्ट में यह भी कहा है कि अगले पांच साल में एक करोड़ युवाओं को सरकारी नौकरी और रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है।

---

चुनाव आयोग ने कहा है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के वोट डिलीट किए जाने संबंधी लगाए गए आरोप गलत और निराधार हैं। आयोग ने कहा कि किसी भी व्यक्ति द्वारा किसी भी वोट को ऑनलाइन प्रक्रिया में नहीं हटाया जा सकता है। आयोग ने कहा कि श्री गांधी ने इस संबंध में गलत धारणा बनाने का प्रयास किया है। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि प्रभावित व्यक्ति को सुनवाई का अवसर दिए बिना कोई भी वोट डिलीट नहीं किया जा सकता। आयोग ने कहा कि दो हजार तेईस में कर्नाटक के अलंद विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं के नाम हटाने के कुछ असफल प्रयास किए गए थे और मामले की जाँच के लिए आयोग द्वारा स्वयं एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। रिकॉर्ड के अनुसार, अलंद विधानसभा क्षेत्र से दो हजार अठारह में भाजपा के सुभाध गुट्टेदार और दो हजार तेईस में कांग्रेस के बी.आर. पाटिल ने जीत हासिल की थी। गौरतलब है कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने आज नई दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दावा किया है कि कर्नाटक के अलंद विधानसभा क्षेत्र में कम से कम छह हज़ार वोट हटाए गए थे। श्री गांधी ने चुनाव आयोग पर आरोप लगाया कि सॉफ्टवेयर में हेरफेर के माध्यम से मतदाता सूची से नाम हटाए गए थे।

---

भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर चुनाव आयोग पर बार–बार गलत और निराधार आरोप लगाने की आलोचना की है। नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में वरिष्ठ भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने कहा कि श्री गांधी लगातार संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठा रहे हैं।

———बाइट———

गलत, निराधार आरोप बार–बार इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया पर लगाना। कभी ईवीएम पर प्रश्न चिन्ह खड़े करने, कभी वीवीपेट पर करना, कभी चुनावों के नतीजों पर करना और कभी टूल किट के सहारे इस संवैधानिक संस्थाओं पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करना, क्या ये आदत सी बन गई है? क्या चाहती है कांग्रेस पार्टी?

———————————————————

राज्य के विभिन्न भागों में मानसून की सक्रियता बनी हुयी है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सीवान और किशनगंज जिले में कई स्थानों पर भारी बारिश की आशंका है।

———बाइट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पश्चिम और उत्तर–पूर्व भागों में अनेक स्थानों पर भारी से अति भारी बारिश दर्ज की गयी। सुपौल में सबसे अधिक एक सौ तेईस दशमलव चार मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी।

———————————————————

निगरानी विभाग की टीम ने कैमूर जिले के मोहनिया स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज में छापेमारी कर प्राचार्य डॉक्टर अजय कुमार को साठ हजार रुपये घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। निगरानी के अधिकारी ने बताया कि आरोपी प्राचार्य कॉलेज में कार्यरत एक प्रोफेसर से पिछले छह महीने के वेतन भुगतान के लिए रिश्वत की मांग कर रहा था। शिकायत के सत्यापन के बाद गिरफ्तारी की कार्रवाई की गयी।

———————————————————

मुजफ्फरपुर की मरियम फातिमा ने एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। वह शतरंज में बिहार की पहली महिला फिडे मास्टर (डब्ल्यूएफएम) बन गयी हैं। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविंद्रन शंकरण ने इसकी जानकारी दी।

———————————————————

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाये जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत बेगूसराय में नये ब्लड बैंक भवन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने रक्तदान भी किया।

---

खगड़िया जिला अंतर्गत गोगरी जमालपुर में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जन जागरूकरता रैली निकाली गयी।

---

श्रम विभाग की टीम ने कैमूर जिले के मोहनिया बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत चांदनी चौक के पास एक मिष्ठान दुकान से पांच बाल श्रमिकों को मुक्त कराया है। श्रम अधीक्षक चंदन कुमार ने बताया कि इन सभी को जिला बाल संरक्षण इकाई को सौंप दिया गया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा को घुसपैठिया बचाओ यात्रा करार दिया।

02. जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह के साथ पटना में बैठक की। चुनावी रणनतियों पर किया गहन विचार–विमर्श।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बीस से पच्चीस वर्ष के सभी बेरोजगार स्नातक युवाओं को दो वर्षों तक एक–एक हजार रुपये मासिक भत्ता दिये जाने की घोषणा की।

04. और, निगरानी विभाग की टीम ने कैमूर जिले के मोहनिया पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर अजय कुमार को साठ हजार रुपये घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।